भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

वित्तीय सेवाएं विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 408**

जिसका उत्तर 5 फरवरी, 2024 (सोमवार)/16 माघ, 1945 (शक) को दिया गया

**पीएमजेडीवाई के अंतर्गत खाते**

408. श्री जी. सेल्वम:
श्री कुलदीप राय शर्मा:
श्री एम. बदरूद्दीन अजमल:
श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुले:
श्री सी.एन. अन्नादुरई:
डॉ. अमोल रामसिंह कोल्हे:
डॉ. डी.एन.वी. सैंथिलकुमार एस.:
श्रीमती मंजुलता मंडल:
श्री धनुष एम. कुमार:

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले तीन वर्षों में से प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान तमिलनाडु, महाराष्ट्र, अंडमान और निकोबार, असम और ओडिशा में प्रधान मंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) के तहत खोले गए खातों की संख्या कितनी है और उनका जिले-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या पीएमजेडीवाई के तहत शुरू किए गए कई खाते निष्क्रिय हो गए है और यदि हां, तो प्रचालित खातों की संख्या में लगातार गिरावट के क्या कारण है और इस संबंध में सरकार द्वारा क्या सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं;

(ग) इस योजना के तहत तमिलनाडु, महाराष्ट्र, अंडमान और निकोबार, असम और ओडिशा में लाभार्थियों, विशेषकर महिलाओं को अब तक जारी किए रुपे-कार्डों की संख्या का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार ने इस योजना के तहत अंतिम छोर तक बैंकिग सेवाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है;

(ड.) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा दूरदराज के क्षेत्रों को बैंकिंग/डिजिटल बैंकिंग से जोड़ने के लिए क्या प्रगत कदम उठाए जा रहे हैं; और

(च) सरकार द्वारा पीएमजेडीवाई को और अधिक सफल बनाने के उद्देश्य से ग्रामीण क्षेत्रों में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की शाखाओं की संख्या बढ़ाने के लिए क्या प्रयास किए गए हैं?

**उत्तर**

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री( डॉ भागवत कराड )

**(क) से (ग):** प्रधान मंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) का शुभारम्भ अगस्त 2014 में किया गया था और इसे दिनांक 14.08.2018 से आगे बढ़ाया गया। पिछले तीन वित्तीय वर्ष के अंत में और चालू वित्तीय वर्ष में 17.01.2024 तक की स्थिति के अनुसार, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, अंडमान और निकोबार, असम और ओडिशा में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और निजी क्षेत्र के प्रमुख बैंकों के पीएमजेडीवाई खातों की संख्या का जिला-वार ब्यौरा अनुबंध में दिया गया है। पीएमजेडीवाई लाभार्थियों को जारी किए गए रुपे कार्डों की संख्या का ब्यौरा इस प्रकार है:-

| विवरण | जारी किए गए रुपे डेबिट कार्ड की संख्या |
|---|---|
| अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 38,101 |
| असम | 1.29 करोड़ |
| ओडिशा | 1.51 करोड़ |
| महाराष्ट्र | 2.35 करोड़ |
| तमिलनाडु | 1.09 करोड़ |
| देश में कुल | 35.11 करोड़ |

स्रोत: बैंक

भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार, यदि खाते में दो साल से अधिक समय तक ग्राहक द्वारा कोई लेनदेन नहीं किया जाता है, तो बचत और चालू खाते को अपरिचालनीय/निष्क्रिय माना जाना चाहिए।

बैंक निष्क्रिय खातों की प्रतिशतता को कम करने के लिए ठोस प्रयास कर रहे हैं तथा सरकार द्वारा इसकी प्रगति की नियमित रूप से निगरानी की जा रही है। खाते को सक्रिय/परिचालनरत रखने के लाभों के साथ साथ अच्छी बैंकिंग आदतों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए बैंक स्थानीय स्तर पर शिविर भी आयोजित करते हैं। विभिन्न पहल के परिणामस्वरूप, निष्क्रिय पीएमजेडीवाई खातों की प्रतिशतता, जो मार्च,17 में 40% थी, जनवरी, 24 में कम होकर 20.6% हो गयी है।

**(घ) से (छ):** सरकार का प्रयास प्रत्येक रिहाईसी गांव को 5 किमी के दायरे में बैंकिंग आउटलेट (बैंक शाखा/ व्यवसाय प्रतिनिधि/ इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (आईपीपीबी) शाखा) से जोड़ना है। सरकार ने बैंकिंग सेवाओं से गांव के कवरेज की निगरानी के लिए एक भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) आधारित ऐप, जिसका नाम जन धन दर्शक (जेडीडी) ऐप है, का शुभारम्भ किया है । जन धन दर्शक ऐप पर अभिचिन्हित किये गए कुल 6,01,328 रिहाईसी गांवों में से 99.81% गाँव 1.73 लाख शाखाओं, 9.80 लाख बीसी और 1.62 लाख आईपीपीबी के माध्यम से बैंकिंग आउटलेट द्वारा कवर किए गए हैं। बैंक अपने ग्राहकों को डिजिटल माध्यम में उन्नत और निर्विघ्न बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए नवीनतम डिजिटल तकनीकों को भी अपना रहे हैं।

इनके अलावा, देश भर के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को कवर करते हुए 93 जिलों में बैंकों द्वारा 96 डिजिटल बैंकिंग इकाइयां (डीबीयू) स्थापित की गई हैं। इसके अलावा, बैंक अपने व्यवसाय प्रतिनिधि(बीसी) के सुदृढ नेटवर्क की सहायता से दूरदराज/आदिवासी क्षेत्रों में ग्राहकों को निर्विघ्न सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।

शाखा प्राधिकार नीति के युक्तिकरण पर दिनांक 18.5.2017 के मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने घरेलू अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को छोड़कर) को प्रत्येक मामले में आरबीआई की पूर्व मंजूरी लिए बिना देश में किसी भी स्थान पर बैंकिंग आउटलेट खोलने की सामान्य अनुमति प्रदान की है बशर्ते कि उक्त वित्तीय वर्ष के दौरान खोले गए बैंकिंग आउटलेट की कुल संख्या का कम से कम 25 प्रतिशत आउटलेट बैंक रहित ग्रामीण केंद्रों अर्थात 10,000 से कम आबादी वाले केंद्र (टियर 5 और टियर 6 केंद्र) में खोले जाएं।

*****

| दिनांक 05.02.2024 को उत्तर दिये जाने के लिए नियत लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 408 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| पीएमजेडीवाई खातों की जिलेवार कुल संख्या | | | | | |
| **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र** | **ज़िला** | **17.01.2024** | **मार्च'23** | **मार्च'22** | **मार्च'21** |
| अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | निकोबार | 2,162 | 2,010 | 1,909 | 1,910 |
| अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | उत्तर और मध्य अंडमान | 29,454 | 14,484 | 13,834 | 13,657 |
| अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | दक्षिण अंडमान | 29,576 | 31,756 | 30,752 | 31,930 |
| असम | बजाली* | 1,42,251 | | | |
| असम | बक्सा | 3,70,708 | 4,69,505 | 4,35,203 | 4,14,441 |
| असम | बारपेटा | 15,59,328 | 16,11,774 | 14,79,573 | 13,52,130 |
| असम | बिश्वनाथ* | 3,37,234 | | | |
| असम | बोंगईगांव | 5,23,132 | 4,97,309 | 4,50,924 | 4,05,888 |
| असम | कछार | 11,13,993 | 10,27,185 | 9,55,648 | 8,89,015 |
| असम | चराइदेव* | 2,01,214 | | | |
| असम | चिरांग | 2,78,262 | 3,71,883 | 3,54,840 | 3,37,188 |
| असम | दरांग | 9,77,043 | 8,89,476 | 8,21,174 | 7,58,772 |
| असम | धेमाजी | 7,69,763 | 7,82,182 | 7,42,983 | 6,82,400 |
| असम | धुबरी | 19,67,738 | 19,46,615 | 17,69,821 | 15,77,544 |
| असम | डिब्रूगढ़ | 6,63,574 | 6,24,655 | 5,74,698 | 5,57,331 |
| असम | दीमा हसाओ | 56,321 | 54,685 | 35,941 | 36,760 |
| असम | गोलपाड़ा | 8,20,539 | 7,69,135 | 6,90,861 | 6,35,535 |
| असम | गोलाघाट | 7,55,276 | 7,08,695 | 6,68,885 | 6,18,445 |
| असम | हैलाकांडी | 5,59,526 | 5,57,677 | 5,14,634 | 4,61,391 |
| असम | होजाई* | 6,20,201 | | | |
| असम | जोरहाट | 5,67,048 | 5,85,282 | 5,45,247 | 4,95,333 |
| असम | कामरूप | 10,93,388 | 10,89,364 | 9,80,139 | 9,32,318 |
| असम | कामरूप मेट्रो | 3,56,088 | 3,14,385 | 2,84,898 | 2,56,781 |
| असम | कार्बी आंगलोंग | 2,80,439 | 3,89,883 | 2,49,706 | 2,25,400 |
| असम | करीमगंज | 8,08,969 | 7,68,628 | 7,23,255 | 6,72,239 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| असम | कोकराझार | 6,57,584 | 6,20,128 | 5,80,675 | 5,24,845 |
| असम | लखीमपुर | 7,95,806 | 7,79,932 | 7,33,133 | 6,88,254 |
| असम | माजुली* | 73,260 | | | |
| असम | मारीगांव | 9,08,957 | 8,75,619 | 7,79,562 | 6,84,875 |
| असम | नगांव | 20,29,826 | 25,36,754 | 23,50,428 | 20,79,969 |
| असम | नलबाड़ी | 5,33,294 | 5,32,142 | 4,84,738 | 4,43,775 |
| असम | शिवसागर | 4,62,115 | 6,36,773 | 6,00,417 | 5,69,966 |
| असम | सोनितपुर | 9,43,149 | 12,11,266 | 11,14,815 | 10,16,972 |
| असम | दक्षिण सलमारा मंचाचर* | 1,91,111 | | | |
| असम | तामुलपुर* | 2,26,105 | | | |
| असम | तिनसुकिया | 8,10,521 | 7,76,675 | 7,30,256 | 6,60,684 |
| असम | उदलगुड़ी | 7,04,421 | 7,27,793 | 6,87,883 | 6,38,015 |
| असम | पश्चिम कार्बी आंगलोंग* | 1,19,427 | | | |
| महाराष्ट्र | अहमदनगर | 15,59,403 | 14,98,126 | 14,46,702 | 13,85,573 |
| महाराष्ट्र | अकोला | 5,92,866 | 5,40,403 | 5,28,455 | 5,09,334 |
| महाराष्ट्र | अमरावती | 8,58,435 | 8,11,723 | 7,90,286 | 7,50,096 |
| महाराष्ट्र | औरंगाबाद | 14,49,860 | 13,79,934 | 13,20,545 | 12,26,634 |
| महाराष्ट्र | भंडारा | 4,80,158 | 4,56,731 | 4,36,535 | 5,01,279 |
| महाराष्ट्र | बीड | 12,26,540 | 12,02,423 | 11,77,084 | 11,42,481 |
| महाराष्ट्र | बुलढाना | 8,95,456 | 8,75,497 | 8,48,480 | 8,31,823 |
| महाराष्ट्र | चंद्रपुर | 6,80,067 | 6,60,696 | 6,41,408 | 6,19,942 |
| महाराष्ट्र | धुले | 7,84,783 | 7,34,257 | 7,02,361 | 7,49,888 |
| महाराष्ट्र | गडचिरोली | 3,21,552 | 3,08,162 | 2,97,523 | 2,89,913 |
| महाराष्ट्र | गोंदिया | 6,37,495 | 6,16,669 | 5,90,178 | 4,88,672 |
| महाराष्ट्र | हिंगोली | 6,15,593 | 5,94,065 | 5,82,453 | 5,11,269 |
| महाराष्ट्र | जलगांव | 14,52,864 | 13,99,173 | 13,27,464 | 12,57,737 |
| महाराष्ट्र | जलना | 8,08,735 | 8,04,695 | 7,98,645 | 7,49,362 |
| महाराष्ट्र | कोल्हापुर | 13,88,050 | 12,66,067 | 12,09,694 | 11,57,461 |
| महाराष्ट्र | लातूर | 9,03,792 | 8,88,028 | 8,84,657 | 8,55,836 |
| महाराष्ट्र | मुंबई | 5,89,091 | 6,83,407 | 6,71,014 | 6,49,712 |
| महाराष्ट्र | मुंबई उपनगर | 9,23,957 | 7,47,708 | 6,84,030 | 6,65,575 |
| महाराष्ट्र | नागपुर | 13,01,227 | 12,40,328 | 11,75,361 | 10,99,866 |
| महाराष्ट्र | नांदेड़ | 14,50,894 | 14,16,621 | 13,91,214 | 13,15,824 |
| महाराष्ट्र | नंदुरबार | 7,21,142 | 6,80,251 | 6,54,908 | 5,63,903 |
| महाराष्ट्र | नासिक | 21,69,042 | 20,79,340 | 20,64,521 | 19,60,998 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| महाराष्ट्र | उस्मानाबाद | 7,16,405 | 6,99,311 | 6,84,593 | 6,71,183 |
| महाराष्ट्र | पालघर* | 8,79,746 | | | |
| महाराष्ट्र | परभनी | 8,68,173 | 7,82,847 | 7,61,390 | 7,41,210 |
| महाराष्ट्र | पुणे | 18,63,322 | 16,98,242 | 16,66,720 | 16,07,278 |
| महाराष्ट्र | रायगढ़ | 6,06,279 | 5,28,713 | 5,01,709 | 4,77,038 |
| महाराष्ट्र | रत्नागिरि | 4,27,505 | 4,03,857 | 3,85,890 | 3,64,962 |
| महाराष्ट्र | सांगली | 8,89,949 | 8,00,066 | 7,66,757 | 7,31,197 |
| महाराष्ट्र | सतारा | 8,34,075 | 7,80,198 | 7,85,788 | 7,58,008 |
| महाराष्ट्र | सिंधुदुर्ग | 2,23,119 | 2,17,835 | 2,14,198 | 2,04,518 |
| महाराष्ट्र | सोलापुर | 16,31,975 | 15,71,442 | 15,29,875 | 14,54,292 |
| महाराष्ट्र | ठाणे | 14,46,354 | 21,97,115 | 20,92,988 | 19,57,968 |
| महाराष्ट्र | वर्धा | 3,62,915 | 3,49,694 | 3,34,941 | 3,19,361 |
| महाराष्ट्र | वाशिम | 4,04,061 | 3,89,499 | 3,83,248 | 3,75,485 |
| महाराष्ट्र | यवतमाल | 11,36,885 | 11,01,900 | 10,59,112 | 10,23,127 |
| ओडिशा | अंगुल | 6,45,617 | 6,15,515 | 5,72,445 | 5,40,817 |
| ओडिशा | बलांगीर | 11,20,606 | 10,77,669 | 10,09,023 | 9,49,145 |
| ओडिशा | बालेश्वर | 13,95,502 | 13,41,677 | 12,45,903 | 11,82,573 |
| ओडिशा | बारगढ़ | 8,82,507 | 8,20,715 | 7,74,424 | 7,19,890 |
| ओडिशा | बौध | 2,92,359 | 2,82,246 | 2,66,480 | 2,54,471 |
| ओडिशा | भद्रक | 9,80,780 | 9,39,716 | 8,77,840 | 8,26,618 |
| ओडिशा | कटक | 10,78,898 | 10,06,480 | 9,20,750 | 8,76,279 |
| ओडिशा | देवगढ़ | 1,43,609 | 1,32,160 | 1,25,666 | 1,19,196 |
| ओडिशा | ढेंकनाल | 6,91,284 | 6,60,321 | 6,13,152 | 5,74,486 |
| ओडिशा | गजपति | 2,58,405 | 2,55,761 | 2,28,411 | 2,06,394 |
| ओडिशा | गंजम | 14,56,813 | 13,77,550 | 12,64,098 | 11,74,499 |
| ओडिशा | जगतसिंहपुर | 5,61,402 | 5,42,099 | 5,03,648 | 4,93,160 |
| ओडिशा | जाजापुर | 10,08,924 | 9,62,789 | 8,98,274 | 8,39,263 |
| ओडिशा | झारसुगुडा | 2,49,149 | 2,35,023 | 2,22,538 | 2,06,052 |
| ओडिशा | कालाहांडी | 7,58,905 | 7,11,395 | 6,59,301 | 6,07,122 |
| ओडिशा | कंधमाल | 3,07,114 | 2,91,172 | 2,68,680 | 2,44,259 |
| ओडिशा | केंद्रपाड़ा | 7,04,358 | 6,66,707 | 6,24,119 | 5,83,457 |
| ओडिशा | केंदुझर | 7,49,136 | 7,14,553 | 6,67,283 | 6,20,047 |
| ओडिशा | खोरधा | 9,32,592 | 8,65,341 | 8,05,697 | 7,67,152 |
| ओडिशा | कोरापुट | 7,81,318 | 7,36,863 | 6,67,211 | 5,93,782 |
| ओडिशा | मल्कानगिरी | 3,54,169 | 3,30,823 | 2,96,538 | 2,55,504 |
| ओडिशा | मयूरभंज | 11,42,529 | 10,47,330 | 9,54,641 | 8,80,422 |
| ओडिशा | नबरंगपुर | 8,23,524 | 7,72,801 | 7,21,884 | 6,59,405 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ओडिशा | नयागढ़ | 5,05,478 | 4,81,209 | 4,51,141 | 4,18,871 |
| ओडिशा | नवपाडा | 4,04,772 | 3,86,553 | 3,62,370 | 3,38,281 |
| ओडिशा | पुरी | 7,66,171 | 7,25,822 | 6,77,232 | 6,45,678 |
| ओडिशा | रायगढ़ | 4,20,339 | 3,93,068 | 3,55,681 | 3,17,818 |
| ओडिशा | संबलपुर | 4,41,848 | 4,34,787 | 4,10,920 | 3,85,045 |
| ओडिशा | सोनेपुर | 4,15,398 | 3,92,893 | 3,65,394 | 3,42,937 |
| ओडिशा | सुंदरगढ़ | 8,16,376 | 7,83,512 | 7,29,920 | 6,94,214 |
| तमिलनाडु | अरियालूर | 1,21,779 | 87,111 | 72,168 | 66,077 |
| तमिलनाडु | चेंगलपट्टू* | 2,14,718 | | | |
| तमिलनाडु | चेन्नई | 9,32,166 | 8,73,667 | 8,10,223 | 7,90,130 |
| तमिलनाडु | कोयंबटूर | 8,46,864 | 7,95,060 | 6,99,969 | 6,85,863 |
| तमिलनाडु | कुड्डालोर | 4,87,252 | 4,23,546 | 3,38,489 | 3,32,844 |
| तमिलनाडु | धर्मपुरी | 3,41,625 | 3,00,253 | 2,57,970 | 2,55,105 |
| तमिलनाडु | डिंडीगुल | 4,58,234 | 4,10,706 | 3,41,894 | 3,26,675 |
| तमिलनाडु | इरोड* | 6,06,420 | 5,26,640 | 4,43,029 | 4,25,760 |
| तमिलनाडु | कल्लाकुरिची | 2,07,590 | | | |
| तमिलनाडु | कांचीपुरम | 4,95,356 | 6,18,089 | 4,99,812 | 4,72,613 |
| तमिलनाडु | कन्याकुमारी | 4,57,763 | 4,11,521 | 3,46,956 | 3,43,951 |
| तमिलनाडु | करूर | 2,62,769 | 2,42,784 | 2,10,587 | 2,02,654 |
| तमिलनाडु | कृष्णागिरी | 3,82,247 | 3,33,612 | 2,84,466 | 2,72,823 |
| तमिलनाडु | मदुरै | 6,00,611 | 5,40,085 | 4,72,336 | 4,56,367 |
| तमिलनाडु | मयिलादुथुराई* | 79,269 | | | |
| तमिलनाडु | नागपट्टिनम | 2,50,374 | 2,93,645 | 2,41,253 | 2,40,069 |
| तमिलनाडु | नमक्कल | 4,15,119 | 4,13,443 | 3,31,481 | 3,14,541 |
| तमिलनाडु | पेरम्बलूर | 1,04,592 | 97,224 | 67,545 | 67,176 |
| तमिलनाडु | पुदुक्कोट्टई | 3,30,261 | 2,89,829 | 2,29,778 | 2,21,304 |
| तमिलनाडु | रामनाथपुरम | 2,69,653 | 2,43,832 | 1,93,013 | 1,85,265 |
| तमिलनाडु | रानीपेट* | 1,54,808 | | | |
| तमिलनाडु | सलेम | 9,40,165 | 8,64,276 | 7,70,459 | 7,39,338 |
| तमिलनाडु | शिवगंगा | 2,99,250 | 2,61,572 | 2,08,093 | 2,07,318 |
| तमिलनाडु | तेनकासी* | 1,43,180 | | | |
| तमिलनाडु | तंजावुर | 4,93,655 | 4,56,505 | 3,55,828 | 3,47,806 |
| तमिलनाडु | नीलगिरी | 1,45,297 | 1,31,873 | 1,09,995 | 1,06,838 |
| तमिलनाडु | ठेनी | 2,73,987 | 2,47,005 | 2,17,170 | 2,11,194 |
| तमिलनाडु | तिरुवल्लुर | 6,46,365 | 5,56,795 | 4,75,779 | 4,49,852 |
| तमिलनाडु | थिरुवरुर | 2,63,540 | 2,44,290 | 2,14,009 | 2,10,357 |
| तमिलनाडु | तूतीकोरिन | 2,94,476 | 2,59,526 | 1,94,963 | 1,92,210 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| तमिलनाडु | तिरुचिरापल्ली | 5,32,493 | 4,54,148 | 3,81,448 | 3,60,422 |
| तमिलनाडु | तिरुनेलवेली | 5,11,333 | 5,81,727 | 4,60,294 | 4,45,546 |
| तमिलनाडु | तिरुपूर | 5,93,449 | 5,18,276 | 4,56,943 | 4,29,470 |
| तमिलनाडु | तिरुवन्नामलाई | 4,79,328 | 4,24,277 | 3,42,521 | 3,27,593 |
| तमिलनाडु | तिरुपथुर* | 2,26,343 | | | |
| तमिलनाडु | वेल्लोर | 5,46,131 | 8,44,805 | 7,21,855 | 6,69,939 |
| तमिलनाडु | विल्लुपुरम | 5,53,946 | 6,53,683 | 5,26,820 | 4,96,564 |
| तमिलनाडु | विरुधुनगर | 4,11,283 | 3,73,004 | 3,17,962 | 2,99,123 |

* एलजीडी कोड के अनुसार नव निर्मित जिले

स्रोत: बैंक